प्रश्न बैंक

विषय–अर्थशास्त्र

कक्षा–12वीं

वर्ष–2025–26

त्रैमासिक परीक्षा के लिए

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश

**नोट– विषय शिक्षक उपरोक्त प्रश्नों में से अपनी स्वेच्छा अनुसार विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम पूर्णता को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र बनाते समय प्रश्नों का चयन त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय कर सकते हैं।**

## त्रैमासिक परीक्षा 2025 -26

**प्रस्तावित ब्लू प्रिंट**

**कक्षा-** XII **पूर्णांक -80**

**विषय-** अर्थशास्त्र (Economics) (कला एवं वाणिज्य) **समय- 3.00 घण्टे**

| पाठ्यपुस्तक का नाम | अध्याय का नाम | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | | | | | कुल वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंक वार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सही विकल्प | रिक्त स्थान | सत्य / असत्य | सही जोड़ी | एक वाक्य | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| BOOK-1 व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय | परिचय | 10 | — | 0 | 01 | — | — | 01 | 01 | 01 | 01 | 03 |
| | उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धान्त | 23 | 3 | 1 | 02 | 02 | 2 | 10 | 03 | 01 | 01 | 05 |
| | उत्पादन तथा लागत | 18 | 1 | 3 | 01 | 02 | — | 07 | 02 | 01 | 01 | 04 |
| | पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति में फर्म का सिद्धान्त | 13 | 1 | 2 | 01 | — | 2 | 06 | 02 | 01 | — | 03 |
| | बाजार संतुलन | 14 | 1 | — | 01 | 1 | 3 | 06 | 02 | — | 01 | 03 |
| BOOK-2 समष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय | परिचय | 02 | — | — | — | 02 | — | 02 | — | — | — | — |
| | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — |
| | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — |
| | कुल | 80 | 06 | 06 | 06 | 07 | 07 | 32 | 10 | 04 | 04 | 18+5 =23 |

**नोट - प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश-**

1. प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक कुल 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।
2. प्रश्न क्रमांक 1- सही विकल्प 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 2 - रिक्त स्थान 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 3 - सत्य / असत्य 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 4 - सही जोड़ी 07 अंक
3. प्रश्न क्रमांक 5 - एक वाक्य में उत्तर 07 अंक
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए जाना हैं ।
5. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक.निर्धारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 04 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 04 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है।

06/08/2025

//

# अर्थशास्त्र

## BOOK-1 व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं परिचय

### इकाई - 01 परिचय

इकाई पर आवंटित अंक = 10

| | | |
|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न | — 01 | (1×1 = 1 अंक) |
| अति लघुउत्तरीय प्रश्न | — 01 | (1×2 = 02 अंक) |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | — 01 | (1×1 = 03 अंक) |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | — 01 | (1×1 = 04 अंक) |

---

(1) सही विकल्प चुनकर लिखिये। — 01 अंक

(i) निम्न में से किस अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह अस्तित्व पाया जाता है।

(अ) पूँजीवादी (ब) समाजवादी

(स) मिश्रित (द) बाजार अर्थव्यवस्था

(ii) किस अर्थव्यवस्था में कीमत तन्त्र के आधार पर निर्णय लिये जाते हैं।

(अ) समाजवादी (ब) पूँजीवादी

(स) बाजार अर्थव्यवस्था (द) मिश्रित

(iii) उत्पादन संभावना वक्र का ढाल ~~गिरता है~~ होता है।

(अ) ऊपर से नीचे की ओर (ब) नीचे से ऊपर ओर

(स) x अक्ष के समान्तर (द) y अक्ष के समान्तर

(iv) व्यष्टि अर्थशास्त्र में निम्न में से किसका अध्ययन किया जाता है।

(अ) व्यक्तिगत इकाई (ब) राष्ट्रीय आय

(स) पूर्ण रोजगार (द) सरकारी बजट

एक समाजवादी अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य होता है।

(अ) अधिकाधिक उत्पादन (ब) आर्थिक स्वतंत्रता

(स) लाभ कमाना (द) अधिकतम लोक कल्याण

(2) रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए।

(i) संसाधनों की कमी ही —— की समस्या को जन्म देती है।

(ii) आर्थिक समस्या उत्पन्न होती है क्योंकि इच्छाएं —— से अधिक होती है।

(iii) बाजार अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वस्तु तथा सेवा की —— कीमत होती है।

(iv) बहुत सी उत्पादन संभावनाओं में से किसी एक का चयन करना ही अर्थव्यवस्था की एक केन्द्रीय —— है।

(v) व्यष्टि अर्थशास्त्र आर्थिक क्रियाओं का —— स्तर पर अध्ययन करता है।

(3) सत्य/असत्य लिखिए - (01 अंक)

(i) मनुष्य की आवश्यकताएं अनंत होती हैं परन्तु साधन सीमित होते हैं।

(ii) प्रत्येक समाज को यह निर्णय लेना होता है कि विभिन्न वस्तुओं तथा सेवाओं के उत्पादन के लिए वह अपने दुलर्भ संसाधनों का उपयोग किस प्रकार करे।

(iii) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में अधिकतम लोककल्याण पर ध्यान दिया जाता है

(IV) एक समाजवादी अर्थव्यवस्था का उद्देश्य अधिकतम लाभ कमाना होता है।

(V) मिश्रित अर्थव्यवस्था का दूसरा नाम बाज़ार अर्थव्यवस्था है।

(4) सही जोड़ी बनाइए। (01 अंक)

| (अ) | (ब) |
| --- | --- |
| (I) व्यष्टि अर्थशास्त्र | (a) क्या उत्पादन किया जाए |
| (II) समष्टि अर्थशास्त्र | (b) विभिन्न कार्यविधियाँ किस प्रकार कार्य करती हैं |
| (III) अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या | (c) विभिन्न विधियाँ अनुकूल हैं या नहीं। |
| (IV) सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण का अध्ययन क्षेत्र | (d) सामूहिक इकाईयों का अध्ययन |
| (V) आदर्शक आर्थिक विश्लेषण का अध्ययन क्षेत्र | (e) व्यक्तिगत इकाईयों का अध्ययन |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिये। (01 अंक)

(i) उत्पादन संभावना वक्र की आकृति कैसी होती है।
(ii) कीमत संयन्त्र किस आर्थिक व्यवस्था की मुख्य विशेषता है।
(iii) अर्थव्यवस्था की कोई दो केन्द्रीय समस्याएं क्या है।
(iv) उस वक्र का नाम बताइए जो केन्द्रीय समस्या को दर्शाता है
(v) चयन की समस्या के दो कारण क्या है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 अंक)

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र किसे कहते है।
(ii) अर्थव्यवस्था किसे कहते है।
(iii) "किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाये" की समस्या ~~को समझाइये~~ क्या है।
(iv) सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण किसे कहते है।
(v) आदर्शक आर्थिक विश्लेषण किसे कहते है
(vi) बाजार अर्थव्यवस्था क्या है।
(vii) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था किसे कहते है।
(viii) मिश्रित अर्थव्यवस्था का अर्थ लिखिए।
(ix) सीमांत उत्पादन संभावना क्या है।
(x) "वस्तुओं का उत्पादन कैसे किया जाये" की समस्या ~~को समझाइये~~ क्या है।

लघु उत्तरीय प्रश्न - (3 अंक)

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई तीन विशेषताएं लिखिये।
(ii) अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं की विवेचना कीजिए।
(iii) बाजार अर्थव्यवस्था की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।
(iv) मिश्रित अर्थव्यवस्था की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।
(v) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था की कोई तीन विशेषताएं लिखिये।
(vi) "वस्तुओं का उत्पादन किसके लिए किया जाये।" इस समस्या को तीन बिन्दुओं में समझाइये।
(vii) "वस्तुओं का उत्पादन कैसे किया जाये।" इस समस्या को तीन बिन्दुओं में समझाइये।
(viii) "किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाये।" इस समस्या को तीन बिन्दुओं में समझाइये।
(ix) समष्टि अर्थशास्त्र की कोई तीन विशेषताएं लिखिये।
(x) व्यष्टि अर्थशास्त्र का ~~(क)~~ महत्व तीन बिन्दुओं में लिखिये।

दीर्घउत्तरीय प्रश्न - (04 अंक)

(I) व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र में कोई चार अंतर लिखिये।

(II) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था तथा बाजार अर्थव्यवस्था के भेद को स्पष्ट कीजिये। (कोई चार)

(III) सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण तथा आदर्शक आर्थिक विश्लेषण में कोई चार अंतर लिखि स्पष्ट कीजिये।

(IV) सीमांत उत्पादन संभावना वक्र को तालिका तथा चित्र द्वारा समझाइये।

(V) बाजार अर्थव्यवस्था तथा मिश्रित अर्थव्यवस्था में अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई चार)

(VI) "वस्तुओं का उत्पादन कैसे किया जाये।" समस्या को ~~तीन~~ चार बिन्दुओं में समझाइये।

(V) सीमांत उत्पादन संभावना की विवेचना कीजिए।

(VI) बाजार अर्थव्यवस्था को विस्तार से समझाइये।

(VII) मिश्रित अर्थव्यवस्था को विस्तार से समझाइये।

(VIII) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था को विस्तार से समझाइये।

(IX) सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण को चार बिन्दुओं में समझाइये।

(X) आदर्शक आर्थिक विश्लेषण को चार बिन्दुओं में समझाइये।

— END —

# इकाई - 02 - उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धान्त

| | | | |
|---|---|---|---|
| इकाई पर आवंटित अंक | = 23 | | अंक |
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न | = 10 | (1×10 = 10) | अंक |
| अतिलघुउत्तरीय प्रश्न | = 03 | (2×3 = 06) | अंक |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | = 01 | (3×1 = 03) | अंक |
| दीर्घउत्तरीय प्रश्न | = 01 | (4×1 = 04) | अंक |

---

(1) सही विकल्प चुनकर लिखिये। - (01 अंक)

(i) उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।

(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ब) समष्टि अर्थशास्त्र में

(स) आय सिद्धान्त में (द) रोजगार सिद्धान्त में

(ii) सीमांत उपयोगिता ज्ञात करने का सूत्र है -

(अ) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ब) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$

(स) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (द) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

(iii) उपभोक्ता का संतुलन उस बिन्दु पर होता है जब -

(अ) सीमांत उपयोगिता (=) मूल्य (ब) सीमांत उपयोगिता (<) मूल्य

(स) सीमांत उपयोगिता (>) मूल्य (द) सीमांत उपयोगिता (X) मूल्य

(iv) एक वस्तु की सभी इकाईयों से प्राप्त होने वाली उपयोगिता के योग को क्या कहते है।

(अ) सीमांत उपयोगिता (ब) कुल उपयोगिता

(स) अधिकतम संतुष्टि (द) औसत उपयोगिता

(v) जब सीमांत उपयोगिता ऋणात्मक होती है तब कुल उपयोगिता -

(अ) अधिकतम होती है। (ब) घटने लगती है।

(स) घटती दर से बढ़ती है। (द) शून्य हो जाती है।

(vi) कॉफी के मूल्य मे वृद्धि होने पर चाय की मांग –

(अ) बढ़ती है। (ब) घटती है।

(स) स्थिर रहती है। (द) शून्य हो जाती है।

(vii) मूल्य वृद्धि से गिफिन वस्तुओं की मांग -

(अ) बढ़ जाती है। (ब) घट जाती है।

(स) स्थिर रहती है। (द) शून्य हो जाती है।

(viii) विलासिता की वस्तुओं की मांग -

(अ) बेलोचदार होती है। (ब) लोचदार होती है।

(स) अत्यधिक लोचदार होती है। (द) पूर्णतः बेलोचदार होती है।

(ix) मांग की लोच से अभिप्राय है।

(अ) कीमत मे परिवर्तन के कारण मांग मे परिवर्तन (ब) कीमत मे परिवर्तन


(स) मांग मे परिवर्तन के कारण कीमत मे परिवर्तन (द) मांग मे परिवर्तन

(x) कीमत या बजट रेखा का ढाल होता है।

(अ) (−) $\frac{Px}{Py}$ (ब) (−) $\frac{Py}{Px}$

(स) (+) $\frac{Px}{Py}$ (द) + $\frac{Py}{Px}$

(xi) निम्नलिखित चित्र क्या प्रदर्शित करता है।




(अ) अधिक लोचदार मांग (ब) पूर्णतः लोचदार मांग

(स) पूर्णतः बेलोचदार मांग (द) बेलोचदार मांग

(xii) ऐसी वस्तुएं जिनका एक-दूसरे के बदले प्रयोग किया जाता है, कहलाती है।

(अ) पूरक वस्तुएँ (ब) स्थानापन्न वस्तुएँ

(स) आरामदायक वस्तुएँ (द) विलासिता वस्तुएँ

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये (01 अंक)

(i) बजट रेखा की प्रवणता —— होती है।
(ii) उपभोक्ता का अधिमान सामान्यतः अधिमान —— द्वारा दर्शाया जा सकता है।
(iii) माँग वक्र की प्रवणता साधारणतः —— की ओर रहती है।
(iv) एक वस्तु की उपयोगिता उसकी किसी आवश्यकता को —— करने की क्षमता होती है।
(v) गणनावाचक उपयोगिता विश्लेषण के अनुसार उपयोगिता को —— में व्यक्त किया जा सकता है।
(vi) क्रमवाचक उपयोगिता विश्लेषण के अनुसार उपयोगिता को —— में रखा जा सकता है।
(vii) दो अनाधिमान वक्र कभी भी एक दूसरे को —— नहीं है।
(viii) बजट सेट उन सभी बंडलों का समूह है जिसे उपभोक्ता बाजार कीमतों पर अपनी दी गई [redacted] में खरीद सकता है।
(ix) जिन वस्तुओं का साथ-साथ उपयोग किया जाता है उन्हें —— वस्तुएं कहा जाता है।
(x) उपभोक्ता की आय जैसे जैसे बढ़ती है —— वस्तुओं के लिए माँग घटती जाती है।

(3) सत्य/असत्य बताइये। (01 अंक)

(i) बजट रेखा उन सभी बंडलों का प्रतिनिधित्व करती है जिस पर उपभोक्ता की सम्पूर्ण आय व्यय हो जाती है।
(ii) उपभोक्ता के माँग फलन को $x = F(P)$ के रूप में लिखा जा सकता है।
(iii) निम्नस्तरीय वस्तुओं के उदाहरण हैं - मोटे अनाज
(iv) 'जूते तथा जुराब' का प्रयोग स्थानापन्न वस्तुओं का उदाहरण है।
(v) 'चाय तथा काफी' का प्रयोग पूरक वस्तुओं का उदाहरण है।
(vi) जब सीमांत उपयोगिता धनात्मक होती है तो कुल उपयोगिता बढ़ती है।
(vii) जब सीमांत उपयोगिता शून्य हो जाती है तो कुल उपयोगिता अधिकतम होती है।
(viii) उपयोगिता से संबंध लाभदायकता से होता है।
(ix) सामान्य वस्तुओं के लिए आय प्रभाव ऋणात्मक होता है।
(x) आय बढ़ने पर उपभोक्ता सामान्य वस्तुओं की माँग घटा देता है।

(i) (ii) (3)

4) सही जोड़ी बनाइये। (01 अंक)

| (A) | (B) |
|---|---|
| (i) सामान्य वस्तुएं | (a) कीमत तथा मांग मे विपरीत सम्बन्ध |
| (ii) निम्नकोटी वस्तुएं | (b) पेन और स्याही |
| (iii) स्थानापन्न वस्तुएं | (c) मांग मे आनुपातिक परिवर्तन / कीमत मे आनुपातिक परिवर्तन |
| (iv) पूरक वस्तुएं | (d) आय प्रभाव धनात्मक |
| (v) मांग का नियम | (e) आय प्रभाव ऋणात्मक |
| (vi) मांग की लोच | (f) पेप्सी कोला और कोका कोला |
| (vii) बाजार मांग तालिका | (g) $e = 1$ |
| (viii) पूर्णतया लोचदार मांग | (h) $e = 0$ |
| (ix) पूर्णतया बेलोचदार मांग | (i) $e = \infty$ |
| (x) इकाई लोचदार मांग | (j) व्यक्तिगत मांग तालिकाओं का योग |

(5) एक वाक्य में उत्तर लिखिये। (01 अंक)

(i) आवश्यक वस्तुओं की मांग की लोच कैसी होती है।

(ii) पूर्णतः बेलोचदार मांग वक्र का आकार कैसा होता है।

(iii) मांग की कीमत लोच की किन्ही दो श्रेणियों का नाम लिखिये।

(iv) मांग के प्रकारों के नाम लिखिये।

(v) किसी वस्तु को सामान्य वस्तु कब माना जाता है।

(vi) मांग के दो निर्धारक तत्व लिखिये।

(vii) क्या कुल उपयोगिता सदैव बढ़ती है।

(viii) पूर्ण तृप्ति बिन्दु क्या है।

(ix) उपभोक्ता का बजट प्रतिबंध क्या है।

(x) बजट रेखा का समीकरण लिखिये।

(5) (4) ( )

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न = (02 अंक)

(I) उपयोगिता का अर्थ लिखिये।

(II) उपयोगिता की कोई दो विशेषताएं लिखिये।

(III) गणनावाचक उपयोगिता विश्लेषण किसे कहते है।

(IV) कुल उपयोगिता किसे कहते है।

(V) सीमांत उपयोगिता किसे कहते है।

(VI) क्रमवाचक उपयोगिता विश्लेषण किसे कहते है।

(VII) अनधिमान वक्र किसे कहते है।

(VIII) अनधिमान मानचित्र किसे कहते है।

(IX) बजट सेट किसे कहते है।

(X) बजट रेखा क्या होती है।

(XI) मांग का अर्थ लिखिये।

(XII) सामान्य वस्तुएं किसे कहते है।

(XIII) निम्नस्तरीय वस्तुएं किसे कहते है।

(XIV) स्थानापन्न वस्तुएं किसे कहते है।

(XV) पूरक वस्तुएं किसे कहते है। उदाहरण दीजिये।

(XVI) बाजार मांग का अर्थ लिखिये।

(XVII) मांग की लोच का अर्थ लिखिये।

(XVIII) मांग की कीमत लोच के प्रकारों के नाम लिखिये।

(XIX) गिफिन वस्तुएं किसे कहते है।

(XX) विस्थापन की सीमांत दर किसे कहते है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न – (03 अंक)

(i) बजट रेखा की ढलान नीचे की ओर क्यों होती है समझाइये।
(ii) कुल उपयोगिता को उदाहरण सहित समझाइये।
(iii) सीमांत उपयोगिता को उदाहरण सहित समझाइये।
(iv) अनधिमान वक्रों की तीन विशेषताएं लिखिये।
(v) सामान्य तथा निम्न स्तरीय वस्तुओं को उदाहरण सहित समझाइये।
(vi) पूरक तथा स्थानापन्न वस्तुओं को उदाहरण सहित समझाइये।
(vii) मांग की लोच का अर्थ तथा ~~आकलन सूत्र~~ गणना का सूत्र लिखिये।
(viii) पूर्णतया लोचदार मांग की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिये।
(ix) पूर्णतया बेलोचदार मांग की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिये।
(x) किसी वस्तु की मांग की लोच को प्रभावित करने वाले तीन तत्वों का वर्णन कीजिये।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न = (04 अंक)

(i) सीमांत उपयोगिता तथा कुल उपयोगिता में सम्बन्ध बताइये। (कोई चार)
(ii) ह्रासमान उपयोगिता नियम की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिये।
(iii) अनधिमान वक्रों की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिये।
(iv) बजट सेट तथा बजट रेखा का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
(v) मांग के नियम की व्याख्या तालिका तथा चित्र द्वारा कीजिये।
(vi) सामान्य तथा निम्न स्तरीय वस्तुओं में अंतर स्पष्ट कीजिये।
(vii) पूर्णतया लोचदार मांग तथा पूर्णतया लोचदार पूर्ति की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिये।
(viii) यदि उपभोक्ता की आय बढ़कर 40/- हो जाती है, परन्तु कीमत अपरिवर्तित रहती है तो बजट रेखा में क्या परिवर्तन होता है।
(ix) अगर कीमतें तथा उपभोक्ता की आय दुगुनी हो जाये तो बजट सेट कैसा होगा।
(x) मांग की कीमत लोच की विभिन्न श्रेणियों की व्याख्या चित्र सहित कीजिये।

— END —

(अ) (●)

## इकाई - 03 उत्पादन तथा लागत

इकाई पर आवंटित अंक = 18

वस्तुनिष्ठ प्रश्न = 07 (1×7 = 7 अंक)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न = 02 (2×2 = 4 अंक)

लघु उत्तरीय प्रश्न = 01 (3×1 = 3 अंक)

दीर्घउत्तरीय प्रश्न = 01 (4×1 = 4 अंक)

---

(1) सही विकल्प चुनकर लिखिये। 01 अंक

(i) अल्पकालीन उत्पादन फलन की व्याख्या निम्नलिखित मे से किस नियम के द्वारा की जाती है।

(अ) मांग के नियम से (ब) मांग की लोच द्वारा

(स) पैमाने के प्रतिफल नियम से (द) परिवर्तनशील अनुपात के नियम द्वारा

(ii) उत्पादन फलन मे उत्पादन किसका फलन है।

(अ) कीमत का (ब) उत्पत्ति के साधनों का

(स) कुल व्यय का (द) कुल आय का

(iii) वह कौन सा समय है जिसमें उत्पादन के सभी साधन परिवर्तित किये जा सकते हैं?

(अ) अल्पकाल (ब) दीर्घकाल

(स) अति दीर्घकाल (द) तीनों

(iv) दीर्घकालीन उत्पादन फलन का सम्बन्ध निम्न में किससे है?

(अ) माँग के नियम से (ब) उत्पत्ति वृद्धि नियम से

(स) पैमाने के प्रतिफल नियम से (द) माँग की लोच से

(v) उत्पादन के सभी संसाधनों में एक ही अनुपात में वृद्धि के परिणामस्वरूप उत्पादन में अधिक अनुपात में वृद्धि हो तो इसे कहते हैं

(अ) स्थिर पैमाने का प्रतिफल (ब) ह्रासमान पैमाने का प्रतिफल

(स) वर्द्धमान पैमाने का प्रतिफल (द) इनमें से कोई नहीं

(vi) उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कुल लागत एवं कुल स्थिर लागत का अन्तर : रहता है)

(अ) स्थिर रहता है
(ब) बढ़ता जाता है
(स) घटता जाता है
(द) घटता-बढ़ता रहता है

(vii) उत्पादन बंद कर देने पर निम्नलिखित में कौन सा प्रभाव पड़ता है :

(अ) स्थिर लागतें बढ़ जाती हैं
(ब) परिवर्तनशील लागतें कम हो जाती हैं
(स) परिवर्तनशील लागतें शून्य हो जाती हैं
(द) स्थिर लागतें शून्य हो जाती हैं

(viii) औसत परिवर्तनशील लागत है :

(अ) TVC × Q
(ब) TVC + Q
(स) TVC − Q
(द) TVC ÷ Q

(IX) औसत लागत वक्र का आकार होता है :

(अ) U-अक्षर जैसा
(ब) समकोणीय अतिपरवलय जैसा
(स) x-अक्ष की समान्तर रेखा
(द) ~~इनमें से कोई नहीं~~ Z-अक्षर जैसा

(X) उत्पादन की 5 इकाइयों की औसत स्थिर लागत ₹20 है। 5 इकाइयों की औसत परिवर्ती लागत ₹40 है। 5 इकाइयों की औसत लागत कितनी है ?

(अ) ₹20
(ब) ₹40
(स) ₹56
(द) ₹60

(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(I) साधन की एक इकाई बढ़ाने पर TP में होने वाली वृद्धि ——— कहलाती है।

(II) अल्पकालीन उत्पादन फलन को ——— कहा जाता है।

(III) पैमाने के प्रतिफलों का सम्बन्ध ——— काल अवधि से है।

(IV) जब MP शून्य होता है तब TP ——— होता है।

~~[illegible] ——— [illegible]~~

(V) ——— अवधि में स्थिर लागत नहीं होती।

(VI) सीमान्त लागत केवल ——— लागतों पर निर्भर करती है।

(VII) उत्पादन की प्रति इकाई लागत को ——— कहते है।

(VIII) जब सभी आगतों में समानुपातिक वृद्धि, निर्गत में उसी अनुपात में वृद्धि उत्पन्न करती है जो पैमाने के ——— को दर्शाता है।

(IX) जब सभी आगतों में समानुपातिक वृद्धि, निर्गत में अनुपात से अधिक वृद्धि उत्पन्न करती है, तो पैमाने के ——— को दर्शाता है।

(X) जब सभी आगतों के आनुपातिक वृद्धि की तुलना में, निर्गत में समानुपति वृद्धि कम होती है तो यह पैमाने के ——— को दर्शाता है।

(3) सत्य/असत्य बताइये – (01 अंक)

(i) अल्पकाल में कुछ कारकों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

(ii) दीर्घकाल में सभी कारकों में परिवर्तन किया जा सकता है।

(iii) कुल लागत, कुल परिवर्ती लागत तथा कुल स्थिर लागत का जोड़ होती है।

(iv) दीर्घकालीन सीमांत लागत वक्र Z आकार के होते हैं।

(v) परिवर्तनीय अनुपातों के नियम को पैमाने के प्रतिफल भी कहा जाता है।

(vi) कुल लागत = कुल परिवर्ती लागत (–) कुल स्थिर लागत होता है।

(vii) $\Delta$ – पद के मूल्य में परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है।

(viii) विभिन्न उत्पादन प्रक्रमों के लिए दीर्घकाल कालावधि भिन्न हो सकती है।

(ix) हम उत्पादन फलन को $q = F(L, K)$ के रूप में व्यक्त कर सकते हैं।

(x) अल्पकालीन औसत लागत = कुल लागत (X) निर्गत इकाइयां होता है।

(4) सत्य/असत्य बताइये (01 अंक)

| A | B |
|---|---|
| (i) असमान सीमांत उत्पाद नियम का सम्बन्ध | (a) $AP = \frac{TP}{L}$ |
| (ii) पैमाने के प्रतिफल का सम्बन्ध | (b) $MP = \frac{\Delta TP}{\Delta L}$ |
| (iii) कुल उत्पाद का सूत्र | (c) अल्पकाल से होता है। |
| (iv) सीमांत उत्पाद का सूत्र | (d) दीर्घकाल से होता है। |
| (v) औसत उत्पाद का सूत्र | (e) पैमाने के प्रतिफलों की प्रथम अवस्था |
| (vi) पैमाने के बढ़ते प्रतिफल | (f) पैमाने के प्रतिफलों की द्वितीय अवस्था |
| (vii) पैमाने के स्थिर प्रतिफल | (g) दो होते हैं। |
| (viii) पैमाने के असमान प्रतिफल | (h) तीन होती हैं। |
| (ix) उत्पादन फलन के प्रकार | (i) पैमाने के प्रतिफलों की तीसरी अवस्था |
| (x) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम की अवस्थाएं | |

(5) एक वाक्य में उत्तर दीजिये (01 अंक)

(i) बताइए की स्थिर लागत अल्पकाल या दीर्घकाल किसकी मुख्य विशेषता है।
(ii) उत्पादन फलन क्या है।
(iii) कुल उत्पाद किसे कहते है।
(iv) बताइए की क्या सभी लागत दीर्घकाल में स्थिर होती है या परिवर्तनशील !
(v) उत्पादन बंद कर देने पर कौनसी लागते शून्य हो जाती है।
(vi) कच्चे माल की लागत, स्थिर लागत है अथवा परिवर्तनशील लागत।
(vii) जब कुल उत्पाद अधिकतम होता है तो सीमांत उत्पाद कैसा हो जाता है।
(viii) कुल स्थिर लागत तथा कुल परिवर्ती लागत का योग क्या कहलाता है।
(ix) पैमाने के प्रतिफलों का सम्बंध किस काल अवधि से होता है।
(x) परिवर्तनशील अनुपातों का नियम किस काल अवधि से संबंधित है।

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न - 02 (अंक)

(i) उत्पादन फलन क्या है। इसका सूत्र लिखिये।
(ii) उत्पादन फलन की दृष्टि से अल्पकाल किसे कहते है।
(iii) उत्पादन फलन की दृष्टि से दीर्घकाल किसे कहते है।
(iv) औसत उत्पाद किसे कहते है। इसका सूत्र लिखिये।
(v) सीमांत उत्पाद किसे कहते है। इसका सूत्र लिखिये।
(vi) पैमाने के प्रतिफल किसे कहते है।
(vii) पैमाने के बढ़ते प्रतिफल किसे कहते है।
(viii) पैमाने के ~~समान~~ स्थिर प्रतिफल किसे कहते है।
(ix) पैमाने के घटते प्रतिफल किसे कहते है।
(x) अल्पकालीन लागते किसे कहते है।
(xi) दीर्घकालीन लागते किसे कहते है।

लघु उत्तरीय प्रश्न — (03 अंक)

(i) उत्पादन फलन की संकल्पना को समझाइये।
(ii) एक आगत के सीमांत उत्पाद तथा कुल उत्पाद के बीच सम्बंध समझाइये। (कोई तीन)
(iii) एक फर्म का कुल स्थिर लागत, कुल परिवर्तीलागत तथा कुल लागत क्या है। समझाइये की यह किस प्रकार सम्बंधित है।
(iv) क्या दीर्घकाल मे कुल स्थिर लागत हो सकती है। यदि नही तो क्यो ?
(v) अल्पकाल तथा दीर्घकाल की संकल्पना को समझाइये।
(vi) अल्पकालीन लागतो को तीन बिन्दुओं मे स्पष्ट कीजिये।
(vii) दीर्घकालीन लागतो को तीन बिन्दुओं मे स्पष्ट कीजिये।
(viii) अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन उत्पादन फलनो मे कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिये।
(ix) स्थिर तथा परिवर्तनशील लागतो मे अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई तीन)
(x) उत्पादन मे वृद्धि के साथ औसत स्थिर लागत क्यो घटती है। कोई तीन कारण लिखिये।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न — (04 अंक)

(i) अल्पकालीन औसत लागत वक्र U आकार के क्यो होते है। चार कारण दीजिये।
(ii) उत्पादन फलन क्या है। यह कितने प्रकार का होता है। विस्तार से समझाइये।
(iii) परिवर्ती अनुपातो के नियम की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिये।
(iv) पैमाने के प्रतिफल तथा परिवर्ती अनुपातो के नियम मे कोई चार अंतर स्पष्ट कीजिये।
(v) पैमाने के बढ़ते प्रतिफल को समझाइये। यह क्यो उत्पन्न होते है कोई दो कारणों की व्याख्या कीजिये।
(vi) उत्पादन फलन क्या है। अल्पकालीन उत्पादन फलन को चित्र द्वारा समझाइये।
(vii) पैमाने के प्रतिफल की तीनो अवस्थाओं को सचित्र समझाइये।
(viii) सीमांत लागत तथा कुल लागतो के बीच सम्बंध स्पष्ट कीजिये। (कोई चार)
(ix) अल्पकालीन लागत वक्रो को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये।
(x) निम्न लिखित तालिका श्रम की कुल उत्पाद अनुसूची को बताती है। श्रम का सीमांत उत्पाद अनुसूची बनाइये।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| L = | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| TP = | 0 | 15 | 35 | 50 | 40 | 48 |

(6)

-END-

# इकाई - 04

## पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति में फर्म का साम्य

इकाई पर आवंटित अंक = 13

बहुविकल्पीय प्रश्न = 06 (1×6 = 06 अंक)

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न = 02 (2×2 = 04 अंक)

लघु उत्तरीय प्रश्न = 01 (3×1 = 03 अंक)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न = 00

---

(1) सही विकल्प चुनकर लिखिये — (01 अंक)

(i) जिस बाजार में फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश तथा बहिर्गमन हो उसका नाम है।

(अ) अपूर्ण प्रतियोगी बाजार (ब) एकाधिकारी बाजार

(स) द्वयाधिकारी बाजार (द) एकाधिकारात्मक प्रतियोगी बाजार

(ii) e = 0 का अर्थ है कि पूर्ति की लोच है।

(अ) पूर्णतः लोचदार (ब) पूर्णतया बेलोचदार

(स) कम लोचदार (द) इकाई लोचदार

(iii) ~~अथवा~~ वस्तु की उस मात्रा को क्या कहते है जिसे विक्रेता निश्चित समय, बाजार तथा कीमत पर बेचने को तैयार होते है।

(अ) पूर्ति (ब) मांग


(स) पूर्ति की लोच (द) मांग की लोच

(iv) किस बाजार में AR वक्र = MR वक्र होता है।

(अ) एकाधिकार (ब) पूर्ण प्रतियोगिता

(स) अपूर्ण प्रतियोगिता (द) द्वाधिकार

(v) निम्नलिखित चित्र क्या प्रस्तुत करता है।




(अ) पूर्णतया लोचदार पूर्ति (ब) पूर्णतया बेलोचदार पूर्ति (1)

(स) लोचदार पूर्ति (द) बेलोचदार पूर्ति ( )

(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये। (01 अंक)

(i) एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में फर्म कीमत —— होती है।

(ii) कीमत स्वीकारक फर्म की औसत संप्राप्ति बाजार —— के बराबर होती है।

(iii) प्रौद्योगिकीय प्रगति से फर्म का पूर्ति वक्र —— ओर शिफ्ट हो जाता है।

(iv) पूर्ण प्रतियोगी बाजार में बड़ी संख्या में क्रेता एवं —— होते हैं।

(v) वह लाभ जो एक फर्म सामान्य लाभ से ऊपर अर्जित करती है। —— लाभ कहलाता है।

(vi) पूर्ति वक्र के जिस बिन्दु पर एक फर्म केवल साधारण लाभ अर्जित करती है, वह फर्म का लाभ —— बिन्दु कहलाता है।

(vii) लाभ के न्यूनतम स्तर को —— लाभ कहा जाता है।

(viii) पूर्णतः बेलोचदार पूर्ति वक्र —— अक्ष के समान्तर होता है।

(ix) दूध जैसी वस्तु के लिए पूर्ति की लोच —— होती है।

(x) पूर्ति का नियम कीमत एवं वस्तु की पूर्ति के बीच —— संबंध को बताता है।

(3) सत्य / असत्य बताइये। (01 अंक)

(i) पूर्ण प्रतियोगि बाजार में फर्म समरूप वस्तुओं का उत्पादन करती है।

(ii) विज्ञापन तथा विक्रय लागतें पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषता नहीं है।

(iii) अपूर्ण प्रतियोगी बाजार में वस्तु विभेद पाया जाता है।

(iv) कुल संप्राप्ति = P+q होता है।

(v) लाभ अधिकतमीकरण = कुल सम्प्राप्ति (X) कुल लागत होता है।

(4) सही जोड़ी बनाइये। – (01 अंक)

| A | B |
|---|---|
| (i) कुल सम्प्राप्ति | a. $MR = \Delta TR / \Delta Q$ |
| (ii) औसत सम्प्राप्ति | b. $TR = TC$ |
| (iii) सीमांत सम्प्राप्ति | c $TR > TC$ |
| (iv) सामान्य लाभ बिन्दु | d $AR = TR / Q$ |
| (v) अधिसामान्य लाभ बिन्दु | e $TR = P \times Q$ |

(2)

( )

(5) एक वाक्य में उत्तर लिखिये। — (01 अंक)

(i) पूर्ति का क्या अर्थ है।
(ii) पूर्ति वक्र का ढलान कैसा होता है।
(iii) बाजार पूर्ति क्या है।
(iv) पूर्ति की लोच का सूत्र लिखिये।
(v) लोचदार पूर्ति किसे कहते हैं।
(vi) समरूप वस्तुएं किस बाजार की विशेषताएं हैं।
(vii) किस बाजार में फर्म कीमत प्राप्तकर्ता होती है।
(viii) वस्तु विभेद किस बाजार की विशेषता है।
(ix) फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश एवं बहिर्गमन किस बाजार की विशेषता है।
(x) औसत संप्राप्ति का सूत्र लिखिये।

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न — 02 अंक

(i) लाभ अधिकतमीकरण किसे कहते हैं।
(ii) पूर्ण प्रतिस्पर्धा किसे कहते हैं।
(iii) पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार की दो विशेषताएं लिखिये।
(iv) पूर्ति की लोच किसे कहते हैं।
(v) अल्पकाल में एक फर्म ~~क्या होता है~~ का पूर्ति वक्र कैसा होता है।
(vi) दीर्घकाल में एक फर्म का पूर्ति वक्र कैसा होता है।
(vii) प्रौद्योगिकीय प्रगति एक फर्म के पूर्ति वक्र को किस प्रकार प्रभावित करती है।
(viii) आगत कीमतें एक फर्म के पूर्ति वक्र को किस प्रकार प्रभावित करती है।
(ix) कुल सम्प्राप्ति को चित्र द्वारा समझाइये।
(x) सीमांत सम्प्राप्ति को चित्र द्वारा समझाइये

लघु उत्तरीय प्रश्न - (03 अंक)

(i) पूर्ण प्रतियोगी बाजार की तीन विशेषताएं लिखिये।

(ii) पूर्ति की कीमत लोच किसे कहते है। इसका सूत्र लिखिये।

(iii) फर्म के पूर्ति वक्र को प्रभावित करने वाले तीन तत्वों की व्याख्या कीजिये। निर्धारित

(iv) सामान्य लाभ, अधिसामान्य लाभ तथा लाभ-अलाभ बिन्दु को समझाइये।

(v) लाभ अधिकतमीकरण की तीन शर्तों को समझाइये।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न - (04 अंक)

(i) पूर्ण प्रतियोगिता किसे कहते है। इसकी तीन विशेषताएं लिखिये।

(ii) कुल सम्प्राप्ति, सीमांत सम्प्राप्ति तथा औसत सम्प्राप्ति को समझाइये।

(iii) लाभ अधिकतमीकरण क्या है। इसका सूत्र लिखिये तथा इसकी शर्तों को समझाइये।

(iv) पूर्णतया: लोचदार पूर्ति किसे कहते है। चित्र सहीत व्याख्या कीजिये।

(v) पूर्णतया बेलोचदार पूर्ति किसे कहते है। चित्र द्वारा व्याख्या कीजिये।

— END —

//

# इकाई - 05 बाजार संतुलन

इकाई पर आवंटित अंक = 14

वस्तुनिष्ठ प्रश्न = 06 (1×6 = 06 अंक)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न = 02 (2×2 = 04 अंक)

लघु उत्तरीय प्रश्न = 00 ———

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न = 01 (4×1 = 04 अंक)

---

(1) सही विकल्प चुनकर लिखिये। (01 अंक)

(i) संतुलन कीमत के निर्धारक घटक कौन से है।

(अ) वस्तु की मांग (ब) वस्तु की पूर्ति

(स) वस्तु की मांग तथा पूर्ति (द) उत्पादन लागत

(ii) कीमत उस बिन्दु पर निर्धारित होती है जहां -

(अ) वस्तु की मांग अधिक हो (ब) वस्तु की पूर्ति अधिक हो।

(स) वस्तु की मांग तथा पूर्ति बराबर हो ~~(द) वस्तु की म~~

(द) वस्तु की मांग (X) वस्तु की पूर्ति हो

(iii) निम्नतम निर्धारित कीमत किनके द्वारा निर्धारित की जाती है।

(अ) सरकार द्वारा (ब) उद्यमी द्वारा

(स) किसान द्वारा (द) व्यापारी द्वारा

(iv) किसी कीमत पर बाजार पूर्ति बाजार मांग से अधिक है तो बाजार की स्थिति होगी।

(अ) अधि मांग (ब) अधिपूर्ति

(स) सामान्य मांग (द) सामान्य पूर्ति

(v) किसी कीमत पर बाजार मांग बाजार पूर्ति से अधिक है तो बाजार की स्थिति होगी।

(अ) अधिमांग (ब) अधिपूर्ति

(स) सामान्य मांग (द) सामान्य पूर्ति

(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये (01 अंक)

(i) पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार मे संतुलन वहा होता है। जहाँ बाजार मांग तथा बाजार पूर्ति ____ होते है।

(ii) जिस स्थिति मे बाजार मांग बाजार पूर्ति से अधिक है, उसे ____ कहा जाता है।

(iii) जिस स्थिति मे बाजार पूर्ति बाजार मांग से अधिक है, उसे ____ कहा जाता है।

(iv) किसी वस्तु अथवा सेवा की सरकार द्वारा निर्धारित कीमत की ऊपरी सीमा को ____ कीमत कहते है।

(v) किसी वस्तु अथवा सेवा की सरकार द्वारा निर्धारित कीमत की न्यूनतम सीमा को ____ कीमत कहते है।

(3) सत्य/असत्य बताइये - (01 अंक)

(i) जिस कीमत पर संतुलन स्थापित होता है उसे संतुलन कीमत कहते है।

(ii) जिस स्थिति मे बाजार मांग बाजार पूर्ति से अधिक है उसे अधिपूर्ति कहा जाता है।

(iii) बाजार संतुलन की स्थिति मे अधिमांग या अधिपूर्ति नही होती है।

(iv) पूर्ण प्रतियोगिता मे उद्योग कीमत निर्धारक तथा फर्म कीमत स्वीकारक होती है।

~~(v) मांग मे वृद्धि होने तथा पूर्ति समान रहने पर संतुलन मात्रा दोनों कम हो जाते है।~~

(v) मांग मे कमी होने तथा पूर्ति समान रहने पर संतुलन कीमत तथा संतुलन मात्रा दोनों कम हो जाते है।

सही जोड़ी बनाइये। (01 अंक)

| A | B |
|---|---|
| (i) बाजार संतुलन | (a) मांग (>) पूर्ति |
| (ii) अधिमांग | (b) बाजार मांग = बाजार पूर्ति |
| (iii) अधिपूर्ति | (c) कीमत की ऊपरी सीमा |
| (iv) उच्चतम निर्धारित कीमत | (d) पूर्ति (>) मांग |
| (v) निम्नतम निर्धारित कीमत | (e) श्रम की मांग = श्रम की पूर्ति |
| (vi) मजदूरी दर का निर्धारण | (F) कीमत की न्यूनतम सीमा |

(5) एक वाक्य में उत्तर लिखिये। — (01 अंक)

(i) संतुलन की स्थिति किसे कहते है।

(ii) अधिमांग किसे कहते है।

(iii) अधिपूर्ति किसे कहते है।

(iv) मजदूरी दर का निर्धारण कहा होता है।

(v) श्रम का सीमांत संप्राप्ति उत्पाद का सूत्र लिखिये।

(vi) किसी वस्तु की कीमत निर्धारण के दो महत्वपूर्ण शक्तियां कौन सी है।

(vii) वस्तु की मांग किसके द्वारा की जाती है।

(viii) वस्तु की पूर्ति किसके द्वारा की जाती है।

(ix) साम्य कीमत का निर्धारण कहा होता है।

(x) कृषि वस्तुओं के लिए कीमत निम्नतम सीमा को क्या कहा जाता है।

(xi) मजदूरी तथा श्रम पूर्ति के बीच किस प्रकार का संबंध होता है।

(xii) अदृश्य हाथ से क्या तात्पर्य है।

(xiii) किसी वस्तु अथवा सेवा की सरकार द्वारा निर्धारित कीमत की उपरी सीमा को क्या कहते है।

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न - (02 अंक)

(i) हम कब कहेंगे की बाजार मे किसी वस्तु के लिए अधिमांग है।
(ii) हम कब कहेंगे की बाजार मे किसी वस्तु के लिए अधिपूर्ति है।
(iii) अधिमांग तथा अधिपूर्ति को समझाइये।
(iv) फर्मों के प्रवेश तथा बहिर्गमन से क्या अभिप्राय है।
(v) ~~उच्चतम निर्धारित कीमत के प्रभाव को चित्र द्वारा समझाइये।~~
(v) उच्चतम निर्धारित कीमत ~~क्या है~~ किसे कहते है।
(vi) निम्नतम निर्धारित कीमत किसे कहते है।
(vii) एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी श्रम बाजार मे मजदूरी दर का निर्धारण कैसे होता है।
(viii) मांग मे वृद्धि से कीमत कैसे प्रभावित होती है।
(ix) पूर्ति मे कमी से कीमत कैसे प्रभावित होती है।
(x) मांग मे कमी से कीमत कैसे प्रभावित होती है।

लघुउत्तरीय प्रश्न - (03 अंक)

(i) निम्नतम निर्धारित कीमत क्या है। इसके प्रभाव को चित्र द्वारा समझाइये।
(ii) उच्चतम निर्धारित कीमत क्या है। इसके प्रभाव को चित्र द्वारा समझाइये।
(iii) श्रम बाजार मे मजदूरी निर्धारण को चित्र द्वारा समझाइये।
(iv) पूर्ण प्रतियोगिता मे एक अदृश्य हाथ संतुलन स्थापित करता है। इस मान्यता को समझाइये।
(v) अधिमांग तथा अधिपूर्ति को चित्र द्वारा समझाइये।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न - (04 अंक)

(i) संतुलन कीमत तथा मात्रा किस प्रकार प्रभावित होती है, - जब उपभोक्ताओं की आय में :-
(a) वृद्धि होती है।
(b) कमी होती है।

(ii) कॉफी की कीमत में परिवर्तन, चाय की संतुलन कीमत को किस प्रकार प्रभावित करेगा। एक आरेख द्वारा संतुलन मात्रा पर प्रभाव को भी समझाइए।

संतुलन कीमत तथा मात्रा किस प्रकार प्रभावित होते हैं जब-

(a) माँग तथा पूर्ति वक्र दोनों, समान दिशा में शिफ्ट होते हैं ?

(b) माँग तथा पूर्ति वक्र विपरीत दिशा में शिफ्ट होते हैं ?

(iv) वस्तु बाज़ार में तथा श्रम बाज़ार में माँग तथा पूर्ति वक्र किस प्रकार भिन्न होते हैं ?

(v) क्या होगा यदि बाज़ार में प्रचलित मूल्य है।

(a) संतुलन कीमत से अधिक

(b) संतुलन कीमत से कम

— x end x —

## BOOK- 2 समष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय

### इकाई- 1 परिचय

इकाई पर आवंटित अंक — 02
वस्तुनिष्ठ प्रश्न — 02 (1×2 = 02 अंक)
अतिलघु उत्तरीय प्रश्न — 00 ——
लघु उत्तरीय प्रश्न — 00 ——
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न — 00 ——

---

वस्तुनिष्ठ प्रश्न — (01 अंक)

(i) ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स का जन्म किस सन में हुआ था।

(अ) 1883 (ब) 1983
(स) 1383 (द) 1583

(ii) आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक के रूप में जाने जाते है।

(अ) एडम स्मिथ (ब) जॉन मेनार्ड ई कीन्स
(स) प्रो० मार्शल (द) प्रो० हिक्स

(iii) सामान्य कीमत स्तर का अध्ययन किया जाता है।

(अ) व्यक्तिगत अर्थशास्त्र में (ब) समष्टि अर्थशास्त्र में
(स) स्थैतिक अर्थशास्त्र में (द) व्यष्टि अर्थशास्त्र में

(iv) कीन्स की प्रसिद्ध पुस्तक द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लॉयमेन्ट, इन्टेरेस्ट एंड मनी किस सन में प्रकाशित हुई?

(अ) 1926 (ब) 1936
(स) 1937 (द) 1940

(v) संपूर्ण विश्व में महामंदी किस वर्ष में देखी गई थी?

(अ) 1929 (ब) 1935
(स) 1919 (द) 1947

सही जोड़ बनाइए - (5 अंक)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) विश्व में महामंदी | (a) एडम स्मिथ |
| (ii) आर्थिक एजेंट | (b) 1929 |
| (iii) आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक | (c) आय एवं रोजगार सिद्धान्त |
| (iv) समष्टि अर्थशास्त्र | (d) व्यक्तिगत इकाईयों का अध्ययन |
| (v) व्यष्टि अर्थशास्त्र | (e) आर्थिक निर्णय लेते हैं |

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) आय एवं रोजगार ——— अर्थशास्त्र की एक शाखा है।
(ii) व्यापार चक्रों का सिद्धान्त ——— अर्थशास्त्र के क्षेत्र में आता है।
(iii) सूक्ष्म एवं व्यापक अर्थशास्त्र एक दूसरे के ——— हैं।
(iv) समष्टि अर्थशास्त्र ——— सन्तुलन विश्लेषण पर आधारित है।
(v) आर्थिक इकाई अथवा आर्थिक एजेंट से हमारा तात्पर्य उन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से है, जो ——— लेते हैं।

अतिलघुत्तरीय प्रश्न। (02 अंक)

(i) निवेश व्यय किसे कहते हैं?
(ii) श्रमिक की मजदूरी दर कहते हैं?
(iii) पारिवारिक क्षेत्रक कहते हैं?
(iv) निर्यात किसे कहते हैं?
(v) आयात किसे कहते हैं?

लघुत्तरीय प्रश्न। (03 अंक)

(i) आर्थिक एजेंट किसे कहते हैं? विस्तार से समझाइए।
(ii) ~~महामंदी~~ विश्व की महामंदी, 1929 को 3 बिंदुओं में समझाइए।
(iii) समष्टि अर्थशास्त्र की 3 विशेषताएँ लिखिए।
(iv) एडम स्मिथ को आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक क्यों कहा जाता है? कोई 3 कारण लिखिए।

दीर्घुत्तरीय प्रश्न। (04 अंक)

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि में क्या अंतर है? कोई 4
(ii) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताएँ क्या है? कोई 4

 — END —